# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा / 5008
दिनांकः 12.07.2021

<u>अति–आवश्यक</u>

सेवा में,

समस्त नोडल अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान / नोडल केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय / महोदया,

जैसा कि सर्वविदित है कि वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2021, समस्त व्यवसायिक एवं परम्परागत पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा (जून–2021), बी0एड0 पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा तथा चिकित्सा एवं आयुर्वेद संकाय के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा आदि आयोजित की जा रही हैं।

उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षाओं के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा कतिपय नोडल केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, जिनका उत्तरदायित्व है कि सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा से सम्बन्धित गोपनीय सामग्री अथवा प्रश्न पत्र आदि को समय से उपलब्ध करायें।

परन्तु नोडल केन्द्रों द्वारा सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र विलम्ब से उपलब्ध कराये जाने की शिकायते विभिन्न परीक्षा केन्द्रों द्वारा अधोहस्ताक्षरी से की जाती हैं जिस पर माननीय कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अपेक्षा की जाती है कि यदि नोडल केन्द्रों / परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र आदि से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या / व्यवधान उत्पन्न हो रहा है तो तत्काल विश्वविद्यालय के अति गोपनीय विभाग (सीक्रेसी) की ई–मेल आई0डी0: **ossecrecyccsu@gmail.com** व फोन नं0 **0121-2763323** पर अविलम्ब सम्पर्क स्थापित करें जिससे परीक्षाओं को सम्पादित कराये जाने में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।

भवदीय,

12-07-2021

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
04. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. गार्ड फाईल–''कार्यालय आदेश''।

परीक्षा नियंत्रक